हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 17 मई 2025

तापमान
अधिकतम 44 .8 डिग्री
न्यूनतम 24 .5 डिग्री

10 निंदाना में बुजुर्ग की बेरहमी से हत्या ...



11 अधिकारी वैक्टर जनित बीमारियों से बचाव के ...




फीचर इम्पैक्ट

**खास खबर आपके लिए** अब सपने पूरे होंगे आईआईटी, नीट मेडिकल की तैयारी का कम फीस में वो भी रोहतक में ही **कल 18 मई** को

## 11 वीं, 12वीं और ड्रॉप कर रहे विद्यार्थी अब पाये 100% तक स्कॉलरशिप

**रोहतक:** ये खबर उन विद्यार्थियों के लिए है जो 11वीं क्लास में पढ़ रहे हैं साथ ही उन बच्चों के लिए भी है जो 12वीं में पढ़ रहे है या 12वीं पास करके ड्रॉप करके उनका सपना है आईआईटी, नीट- मेडिकल में टॉप करने का। जी हाँ इस **रविवार 18 मई** को रोहतक में कोटा की टॉप फैकल्टी द्वारा मेगा सेमिनार और 100% स्कालरशिप टेस्ट का आयोजन सुबह 10 बजे होने जा रहा है। इस टेस्ट में बैठने मात्र से आप पाएंगे देश के टॉप फैकल्टी से पढ़ने का मौका। हर वर्ष की भांति, इस वर्ष भी कोटा क्लासेज से JEE Mains में 20 विद्यार्थी चयनित हुए और 12वीं बोर्ड में बहुत ही अच्छा रिजल्ट बच्चों ने पाया। अब अगली बारी आप की....

**कोटा के झा सर की स्ट्रेटजी मात्र 2 घण्टे में भगाएगी फिजिक्स का डर**

जी हाँ मात्र 2 घण्टे कल निकाले और मिले कोटा के झा सर से और जाने चुटकियों में फिजिक्स के सवाल हल करने की स्ट्रेटजी




**इस बैच का ऐसे बनें हिस्सा**

इस बैच के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। जो बिल्कुल फ्री है संपर्क करें :**कोटा क्लासेज़,** सालासर काम्पलैक्स, 144-L, मॉडल टाऊन, नजदीक सीआर पॉलिटेक्निक कॉलेज, रोहतक या फिर इन नम्बरों पर भी फ्री रजिस्ट्रेशन करवायें :
**97285-44433, 98964-51410**

## खबर संक्षेप

### मदवि: सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित एमए-मनोविज्ञान प्रथम सेमेस्टर फ्रेश एनईपी 2020, एमबीए एनईपी प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, एमबीए बिजनेस साइकोलॉजी एनईपी प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, एमबीए एग्जीक्यूटिव इवनिंग एनईपी प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, एमबीए फॉर वर्किंग प्रोफेशनल्स एनईपी प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, एमबीए पंच वर्षीय एनईपी प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ की टीम ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। एवीटी स्टाफ की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आउटर बाईपास पूल खरावड़ के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया। युवक की पहचान सोनू निवासी गांव भम्भेवा जिला झज्जर के रुप में हुई। तलाशी लेने पर युवक के पास से देसी पिस्तौल व एक राउंड बरामद हुआ है।

### अवैध कब्जा हटाने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने उप तखनमाजरा के गांव चांदी की बीसी चौपाल से अवैध कब्जा हटाने के दौरान कलानौर के बीडीपीओ करतार सिंह को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। पुलिस बल के प्रभारी निरंतर डयूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे। संबंधित विभागों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित भूमि पर किसी न्यायालय स्टे अथवा स्टेटस-को आदेश पारित न किया गया हो तथा कार्य नियमानुसार हो।

### रुपये छीनने के मामले में दो नाबालिग समेत 6 काबू

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने मारपीट कर 2 लाख रुपये छीनने की वारदात को हल करते हुए दो नाबालिग समेत 6 युवकों को काबू किया है। चार बालिग आरोपियो को अदालत में पेश किया गया। दो नाबालिग को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह भेजा गया है।



# खेड़ी साध में एलपीजी गैस पाइप लाइन लीक, लोगों में मचा हड़कंप

## फायर ब्रिगेड और कंपनी की टीम ने लीकेज को ठीक करने का कार्य शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव खेड़ी साध के पास शुक्रवार सुबह एलपीजी गैस की पाइप लाइन लीक होने से हड़कम्प मच गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम व एलपीजी कंपनी की टीम मौके पर पहुंची और लीकेज को ठीक करने का कार्य शुरू किया। दोपहर बाद जाकर कहीं लीकेज को खत्म किया गया। इस दौरान अधिकारी भी डरे रहे कि कोई हादसा न हो जाए। जानकारी के अनुसार, खेड़ी साध में हाईवे के साथ से एलपीजी की लाइन दबाई गई है। जिसमें सुबह करीब आठ बजे अचानक से रिसाव शुरू हो गया। गैस लीकेज के कारण आसपास के क्षेत्र में गैस की बदबू फैलने लगी तो लोगों में भय का माहौल पैदा हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने गैस रिसाव पर काबू पाने का प्रयास किया। कंपनी की टीम भी मौके पर पहुंच गई।



रोहतक। जेसीबी से गड्ढा खोदते।



मौके पर आई पुलिस की टीम। फोटो : हरिभूमि

### जेसीबी से लीकेज वाले स्थान पर खोदा गड्ढा

इस दौरान अधिकारियों के कहने पर लीकेज वाले स्थान पर जेसीबी द्वारा गड्ढा खोदा गया। जिसमें पानी भर दिया गया ताकि इसकी वजह से कोई हादसा न हो। इसके बाद गैस को पीछे से बंद करवाया गया।

### बड़े हादसे का था खतरा

भारत पेट्रोलियम की तरफ से काम करने पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि सुबह एक कर्मचारी यहां निरीक्षण के लिए पहुंचा था। उसने गैस लीकेज को देख लिया। इसके बाद तुरंत कंपनी को सूचना दी गई। सूचना के बाद गैस लीकेज को बंद करने का काम शुरू कर दिया। अगर लीकेज का पता नहीं चलता तो यहां कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

### पास में है अस्पताल

अधिकारियों को इस बात का भी डर था कि पास में ही एक निजी अस्पताल है, जहां सैकड़ो लोग उपचार करवाने के लिए आते हैं और दाखिल भी रहते हैं। गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

### फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची

फायर ऑफिसर संजीव डागर ने बताया कि सुबह करीब सवा 8 बजे सूचना मिली कि गांव खेड़ी साध में एलपीजी गैस की लाइन लीक हो रही है। इसके बाद दो गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचे। वहां पहले से ही एक गड्ढा खोदकर पानी डाला हुआ था। लीकेज को दोपहर तक बंद कर दिया।

# पीजीआई ओपीडी में जल्द शुरू होगा सीवाई स्किन टीबी टेस्ट

## डायरेक्टर ने ली एनटीईपी कोर कमेटी की मीटिंग



रोहतक। एनटीईपी कोर कमेटी की बैठक लेते निदेशक डॉ. एसके सिंघल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में शुक्रवार को निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल के दिशा निर्देशन में एनटीईपी कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एनटीईपी कोर कमेटी की बैठक निदेशक डॉ. एसके सिंघल की देखरेख में आयोजित की गई। डॉ. एसके सिंघल ने टीबी से संबंधित ओआर परियोजनाओं को और अधिक शामिल करने पर जोर दिया और मेडिकल कॉलेज में टीबी कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए पूर्ण समर्थन प्रदान किया। पलमोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव चौधरी ने बाल चिकित्सा टीबी देखभाल इकाई और भर्ती टीबी रोगियों के लिए अन्य बुनियादी ढांचे की स्थापना पर अधिक जोर दिया। डॉ अनुज ने बताया कि मीटिंग में चर्चा की गई कि जल्द ही नए ओपीडी परिसर में सीवाई स्किन टीबी टेस्ट शुरू किया जाएगा, जिसका उपयोग टीबी का पता लगाने और सभी वार्डों से इनडोर मरीजों की टीबी स्क्रीनिंग के लिए किया जाता है। मीटिंग के दौरान डॉ. अपर्णा, डॉ आर एस चौहान, डॉ गीता गठवाला, डॉक्टर जगत सिंह, डॉक्टर प्रेम प्रकाश गुप्ता ,डॉक्टर राजेश गुप्ता, डॉक्टर प्रियंका, डॉ. अनुज, डॉ. तरुण अहलावत मौजूद रहे।

### 30 में से 22 ने खुशी राम के पक्ष में मतदान किया

# खुशी राम हुड्डा सर्वसम्मति से रोहतक पंचायत समिति के चेयरमैन चुने गए

- 4 अप्रैल को अध्यक्ष सुनील कुमार व उपाध्यक्ष नीरज कुमार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल की मौजदूगी में शुक्रवार को रोहतक पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव करवाया गया। इसमें खुशी राम हुड्डा सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं सोनू को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया। 30 में से 22 ने खुशी राम के पक्ष में मतदान किया। काफी दिनों से दोनों पद के लिए मारामारी मची हुई थी।

क्योंकि गत 4 अप्रैल को अध्यक्ष सुनील कुमार व उपाध्यक्ष नीरज कुमार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। ये प्रस्ताव पारित होने पर सुनील और नीरज ने पद से त्यागपत्र देना पड़ा। गत जनवरी से पंचायत समिति की राजनीति में घमासान हुआ था। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर लगातार आरोप लगाए जा रहे थे। ध्यान रहे कि नवंबर 2022 में पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव हुए थे। इन चुनाव के बाद सुनील कुमार को अध्यक्ष और नीरज कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया था। लेकिन इसके कुछ दिन बाद ही रोहतक पंचायत समिति के राजनीति में उफान आना शुरू हुआ। सुनील कुमार के विरोधी धड़े ने विकास कार्यों में अनदेखी करने के आरोप लगातार लगाए और इनके खिलाफ सदन में अविश्वास प्रस्ताव लाकर पद से हटा दिया गया। समिति की राजनीति में अब माहौल शांतिपूर्वक रहने की उम्मीद लगाई जा रही है।



रोहतक। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल का स्वागत करते पंचायत समिति के अध्यक्ष खुशी राम हुड्डा व उपाध्यक्ष सोनू।

### प्रशासनिक लापरवाही की वजह से कई बार मंडियों में भीगा गेहूं

# गेहूं खरीद प्रक्रिया पूरी, लक्ष्य से 8 हजार मीट्रिक टन कम हुई परचेज

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

गत एक अप्रैल से शुरू हुई गेहूं खरीद प्रक्रिया वीरवार 15 मई को बंद हो गई। इस दौरान विभिन्न एजेंसियों ने 3 लाख 12 हजार 173 मीट्रिक टन की खरीद जिले की मंडियों से की। सरकार ने इस बार 3 लाख 20 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया था। यानी सरकार अपने टारगेट से मात्र 8 हजार मीट्रिक टन कम खरीद पाई। लेकिन अच्छा ये रहा कि गत वर्ष से 17 हजार मीट्रिक टन ज्यादा खरीदा। साल 2024 में 2 लाख 95 हजार मीट्रिक टन की खरीद की गई थी। इस बार ये आंकड़ा 3 लाख 12 हजार मीट्रिक टन को पार कर गया। तकरीबन एक सप्ताह से गेहूं की



आवक मंडियों में बंद हो चुकी थी। इसलिए सरकार ने गत 15 मई को खरीद प्रक्रिया बंद करने के आदेश जारी करने पड़े। अगर आवक जारी रहती तो सरकार और भी खरीदने को तैयार थी।

### इन मंडियों में की परचेज

कलानौर मंडी से एफसीआई द्वारा 10728 मीट्रिक टन व हरियाणा राज्य वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 21926 , किलोई मंडी से 28479 , लाखनमाजरा मंडी से 26837 , मदीना मंडी से 14890 , महम मंडी से 54207, रोहतक मंडी से 82298, सांपला मंडी से 46224.80 व सांघी मंडी से 18812.70 मीट्रिक की खरीद की गई है। गेहूं के अतिरिक्त 26 हजार मीट्रिक टन सरसों की भी परचेज की गई।

### लिफ्टिंग पूरी

बताया जा रहा है कि अब उठान 100 प्रतिशत हो चुका है। लिफ्टिंग के 48-72 घंटे के भीतर किसान के खाते में पैसा जमा हो जाता है, ऐसा सरकार का कहना है। जबकि गांव मोखरा के किसान पप्पू कहते हैं कि कई बार भुगतान होने पर सप्ताह तक भी लग जाता है। जिससे हमें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि फसल की कटाई के साथ ही खरीफ की बिजाई प्रारंभ होती है। जब खाद-बीज और डीजल के लिए बाजार में जाते हैं तो वहां नकद पैसे के बिना कुछ मिलता नहीं, ये पप्पू का कहना है।

### खूब परेशानी झेली किसानों ने

खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों ने प्रशासनिक लापरवाही सिर झुकाकर झेली। जितनी बार भी बरसात हुई, उतनी बार किसान मंडियों में किसान असहाय नजर आए। फसल मंडी में न भीगे इसके इंतजाम सरकार ने आढ़तियों से करवाने चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अन्य वर्षों की अपेक्षा इस बार खरीद प्रक्रिया के दौरान कई बार बारिश हुई। जब खरीद प्रक्रिया शुरू होती है तो उससे कई दिन पहले ही प्रशासनिक अधिकारी वहां व्यवस्थाओं को लेकर लंबे-चौड़े दावे करते हैं। कहते हैं कि ये कर दिया गया है, वह किया जा चुका है। लेकिन जमीन पर होता कुछ नहीं है। सालों से फसल मंडियों में भीगती है, लेकिन आज तक ऐसे इंतजाम प्रशासनिक अधिकारियों ने नहीं करवाए कि फसल भीगने से बचे।



## खबर संक्षेप



### डेंगू से बचाव की जानकारी दी

**रोहतक।** सुनारियां कलां गांव में जीजीएचएस में स्वास्थ्य विभाग पीएचसी करौथा और एचडब्ल्यूसी सुनारियां कलां विभाग की तरफ से राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डेंगू रोग, उसके कारण, नियंत्रण विधि, सावधानियां और उचित उपचार आदि के बारे में बताया गया। पीएचसी करौथा से मुख्य संयोजक एच.ई रविंदर और एमपीएचडब्ल्यू राजेश बच्चों को डेंगू से बचाव के साथ मौसमी बिमारियों से बचाव के बारे में बताया। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अपने आस-पास साफ सफाई रखने की शपथ भी दिलाई गई।



### प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट : दुष्यंत चौटाला

**सांपला।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) नेता एवं पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने शुक्रवार को नायब सिंह सैनी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि हरियाणा में कानून व्यवस्था बहुत खराब है तथा अपराधी एवं लुटेरे हावी हैं।चौटाला ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार से आज हर वर्ग दुखी है। आज न तो खेतों की सिंचाई के लिए और न ही पीने के लिए पानी मिल रहा है। वे शुक्रवार शाम अटायल गांव में पूर्व ब्लाक शहरी प्रधान मास्टर अनिल मलिक के निवास पर पहुंचे थे। इस मौके पर प्रभारी हरज्ञान मौखरा, जिला अध्यक्ष डॉक्टर संदीप हुड्डा ,जगबीर मलिक सहित कई लोग मौजूद थे।

### शिकायतों का किया जा रहा यथासंभव निपटारा

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों को मौके पर निपटारे के प्रयास किए जा रहे है तथा इनका यथासंभव निपटारा किया जा रहा है। विकास एवं पंचायत तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों के बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। डीसी लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान प्रकोष्ठ द्वारा समाधान शिविर की लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान जानकारी दे रहे थे। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक भी मौजूद रहे।

# अभिभावक नाबालिग बच्चों को कभी न दें वाहन: बीवी नारायणा

■ नगराधीश अंकित कुमार ने सचिवालय में किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जज्बा

समाज सेवा करने की कोई उम्र नहीं होती। अगर इंसान के अंदर समाज सेवा कर जज्बा हो तो वह किसी भी उम्र में समाज सेवा कर सकता है। अपना लक्ष्य बना कर जरूरतमंद लोगों की मदद करना एक मिशन के रूप में जब कार्य किया जाता है, तो उसे सफलता की ओर निरंतर आगे बढ़ाता है।

ऐसा मानना है हारोहल्ली, रामनगर (कर्नाटक) निवासी 65 वर्षीय बी वी नारायणा का। कोई भी व्यक्ति अज्ञानता के चलते दिव्यांग न बने। इस संदेश को लेकर बीवी नारायणा मोटर चालित तिपहिया वाहन पर विश्व भ्रमण के लिए निकले हुए हैं। बीवी नारायणा स्वयं दिव्यांग है उनके सीधे पैर का लिगामेंट टूटा हुआ है। लेकिन इसके बावजूद भी उनके हौसले में कोई कमी नहीं है। रोहतक के लघु सचिवालय पहुंचने पर नगराधीश अंकित कुमार ने देश के इस वरिष्ठ नागरिक का स्वागत किया और उनके जज्बे को भी सलाम किया। अंकित कुमार ने कहा कि ऐसे बहुत ही कम लोग होते हैं जो समाज सेवा की भावना को लेकर व्यक्तिगत तौर पर इस प्रकार के मिशन पर निकलते हैं। बीवी नारायण ने बजाज अवेंजर बाइक को लेकर अपनी मोटर चालित तिपहिया वाहन को तैयार किया है।

## दिव्यांगता को लेकर विश्व भ्रमण पर निकला 65 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक



### पहले भी 59 देशों में दे चुके शांति व भाईचारे का संदेश

बीवी नारायण ने 24 मार्च को अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करके अपने जिला रामनगर के हारोहल्ली स्थान से इस यात्रा को आरंभ किया था। वह अब तक कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब को कवर करते हुए हरियाणा में आ चुके हैं। इसके बाद वे दिल्ली जाएंगे जहां से कनाडा का वीजा प्राप्त करेंगे। इस प्रकार से विश्व भ्रमण करते हुए कनाडा पहुंचेंगे और फिर उनकी वापसी होगी। बीवी नारायणा वर्ष 2014 में उस समय दिव्यांग हो गए थे, जब वह पैदल जा रहे थे और दो युवाओं ने बाइक रेस लगाते हुए उन्हें दुर्घटनाग्रस्त कर दिया था। बीवी नारायणा इससे पहले 1978 में शांति, भाईचारा व दिव्यांगता को लेकर देशभर में साइकिल के माध्यम से यात्रा कर चुके हैं। इसके उपरांत उन्होंने साइकिल के माध्यम से ही 1978 से लेकर 1980 तक साढे 18 महीने में 59 देशों की यात्रा करके अपना संदेश दिया था। उनका कहना है कि उनके मुस्लिम दोस्त जिसे वह दादा कहते हैं, उन्होंने ही विश्व भ्रमण के लिए उन्हें प्रेरित किया था।

### वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें

इस वाहन की सीटों व अन्य स्थानों पर लोगों को जागरूक करने के संदेश लिखे गए हैं। उनके संदेश में कहा गया है कि छोटे बच्चों को अभिभावक वाहन न दें। अगर कोई व्यक्ति नशा करके वाहन चलता है, तो उसको दिव्यांग बनने की आशंका बढ़ जाती है। वाहन चलाते समय मोबाइल का फोन इस्तेमाल न करें। इसके साथ ही दिव्यांगों को भी संदेश दिया है कि वह आवश्यकताओं में छूट लेने की कोशिश ना करें। गुणवत्ता वाले उपकरण ही खरीदे ताकि कोई भी असुविधा न हो। इसके साथ दो अन्य संदेश भी बीवी नारायणा ने दिए हैं। पहले संदेश में कहा है कि अभिभावक अपने बच्चों को समय पर पोलियो ड्रॉप्स पिलवाएं। दूसरे संदेश में कहा गया है कि विवाह से पहले दोनों लड़का व लड़की ब्लड ग्रुप की जांच करवाए। दोनों का ब्लड ग्रुप अलग-अलग रहना चाहिए ताकि शिशु में दिव्यांगता की आशंकाओं को शून्य किया जा सके।

## 152 डी के पास दिया वारदात को अंजाम, शव फेंककर भागे

# निंदाना गांव में बुजुर्ग की बेरहमी से हत्या खेत में खून से लथपथ पड़ा मिला शव

परिजन ने कहा किसी से नहीं थी कोई रंजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

निंदाना गांव में एक बुजुर्ग की निर्मम हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है। हत्यारे बुजुर्ग के शव को फेंककर फरार हो गए। पुलिस को बुजुर्ग का शव एक खेत में लहुलुहान अवस्था में पड़ा मिला है। हत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस जांच के बाद ही हत्याकांड का खुलासा हो पाएगा। वहीं परिवार का कहना है कि उनकी किसी के साथ कोई रंजिश नहीं है। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी के पास निंदाना गांव के खेतों में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान गांव के निंदाना मोहम्मदपुर गांव निवासी करीब 62 वर्षीय हरिचंद शर्मा पुत्र सत्तन के रूप में हुई है। हरिचंद शर्मा अविवाहित थे। उनके भतीजे पंचायत सदस्य सोनी ने बताया कि उनकी किसी के साथ कोई रंजिश नहीं थी। उनकी हत्या किसने और किस वजह से की, अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। शाम को सूचना मिलते ही महम थाना पुलिस मौके पर पहुंची।



**महम।** वारदात स्थल से साक्ष्य जुटाती पुलिस टीम और पास खड़े ग्रामीण।

### शरीर पर गहरी चोट के निशान मिले



पुलिस ने वारदात स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का ही लग रहा है। क्योंकि मृतक के शरीर पर गहरी चोटों के निशान हैं। चेहरे को बुरी तरह तहस नहस किया गया है। हाथों और पैरों पर भी चोटों के निशान हैं। चेहरे, नाक, कान, और मुंह के पास से भारी मात्रा में खून निकला हुआ मिला है। हत्या किसने की है और हत्या के पीछे की वजह क्या रही है। इस बात की जांच पुलिस को करनी है। पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही हत्याकांड की परतें खुलेंगी। बताते हैं कि मृतक पहले गांव में परचून की दुकान चलाता था। उसके बाद वह मेहनत मजदूरी करने लगा। ग्रामीणों ने बताया कि वह खेतों में सब्जियां उगाने का काम भी करता था।

राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी के पास निंदाना गांव के खेतों में हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। मृतक गांव के निंदाना मोहम्मदपुर गांव निवासी हरिचंद शर्मा है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। जांच पड़ताल के बाद ही मामले में खुलासा हो पाएगा।

*-सत्यपाल, एसएचओ महम थाना*



रोहतक। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते टीचर।

## पोस्टर मेकिंग में निधी ने द्वितीय और आदित्य, उदिता तृतीय स्थान पर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ हरिभमि की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में लिया था भाग

हरिभूमि की ओर से आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में महेंद्रा मॉडल स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के तीन बच्चों ने बाजी मारी। महेंद्रा मॉडल स्कूल की 9वीं कक्षा की छात्रा निधी ने द्वितीय, 9वीं कक्षा के आदित्य ने तृतीय व 12वीं कक्षा से उदिता ने तृतीय स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।

उनकी इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी की लहर है। शुक्रवार को स्कूल में इन तीनों होनहारों का प्रिंसिपल कमलकांत, जंगबहादुर रांगी और आट्र्स टीचर शर्मिला ने स्वागत किया। स्कूल की डायरेक्टर अन्नू सिंह ने इन तीनों होनहारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अन्नू सिंह ने कहा कि हरिभूमि के इस आयोजन से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभाएं निखारने का मौका मिलता है।

हरिभूमि द्वारा बुधवार को आयोजित इंटर स्कूल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शहर के 40 स्कूलों के 485 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता ढींगरा कम्यूनिटी सेंटर में आयोजित की गई, जिसकी थीम जल बचाएं - जीवन बचाएं था। प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के लिए तीन विद्यार्थियों का चयन किया गया।

## सांसद जांगडा ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

■ 1.40 करोड़ रुपये से होगा महम टाउन पार्क का नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा ने शुक्रवार सुबह महम के टाऊन पार्क में नारियल फोड़कर विकस कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को जानकारी दी कि महम शहर के टाऊन पार्क के नवीनीकरण कार्य पर 1 करोड़ 40 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। बताया कि इसके तहत टाऊन पार्क में ऑपन जिम व झूले लगाए जाएंगे। बारिश व खराब मौसम के दौरान भी योग की प्रक्रिया जारी रहे, इसके लिए पार्क में योगा शेड बनाया जाएगा। साथ ही पार्क में गार्ड रूम और चारदीवारी का निर्माझा किया जाएगा। इसके अलावा पार्क में लाइटें लगेंगी, गेटों का सौंदर्यकरण किया जाएगा और बेंच आदि रखे जाएंगे और जो पहले रखे गए हैं, उन बैंचों की मरम्मत व सौंदर्यकरण किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की हरियाणा में विकास की नई शुरुआत को नायब सैनी ने तेज रफ्तार दी है। महम हलका अब चमकने लगा है। इस अवसर पर नगर पालिका सचिव नवीन नांदल, स्थानीय भाजपा नेता महंत सतीश दास, अजीत अहलावत, नगर पालिका चेयरपर्सन भारती पवार, धर्मबीर खत्री, मीना वाल्मिकी, नपा वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, भाजपा महम मंडल अध्यक्ष अमित जांगड़ा, सुरेश पंडित, ईश्वर एम सी, जयनारायण एमसी, जस्सू नाई, एमई अशोक हुड्डा, जेई अनिल रोहिला, सुरेश बेडवा व प्रवीन खत्री मौजूद थे।



**महम।** टाऊन पार्क के नवीनीकरण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ करते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा व साथ मौजूद नपा अधिकारी और कार्यकर्ता।

*गुरुकुल विद्यापीठ लाढोत में जिला स्तर पर स्पर्धा हुई*

## फुटबॉल स्पर्धा में जीडी गोयनका के छात्रों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गुरुकुल विद्यापीठ लाढोत में जिला स्तर पर फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों ने शिरकत की। जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल के सीनियर वर्ग के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया।

सेमीफाइनल में गोयनका के छात्र ईशान ने एचडी पब्लिक स्कूल की टीम के खिलाफ गोल कर फाइनल में गुरुकुल विद्यापीठ के साथ अपनी टीम की जगह पक्की की। फाइनल मैच में गोयनका के छात्र रेहान ने पेनल्टी शूटआउट में 1 गोल किया। इस मुकाबले में जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल जिले में द्वितीय स्थान पर रहा।

स्कूल के डायरेक्टर विक्रांत मायना, सान्या मायना, सह निदेशक हिमांशु गुप्ता, प्राचार्या सविता नेहरा एवं उप-प्राचार्य अनिल कुमार ने फुटबॉल कोच पंकज एवं बच्चों का हौंसला बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महम के सही राम स्कूल में मनाया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**महम।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा महम के भराण रोड स्थित सही राम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम उपमंडल नागरिक अस्पताल महम की ओर से आयोजित किया गया था। स्वास्थ्य निरीक्षक सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि डेंगू से बचाव के लिए अपने घर और आस पास के इलाके को साफ सुथरा रखें। पानी को जमा न होने दें। डेंगू का लारवा फ्रीज के पीछे भी मिल सकता है। क्योंकि कई बार वहां पानी जमा हो जाता है। बेकार पड़े टायरों में भी बारिश में पानी भर जाता है। यहां भी डेंगू का लारवा पनप जाता है। टूटी हुई टंकियां व छतों पर पड़े कबाड़ से भी पानी निकालना चाहिए। लंबे समय तक कूलर में पानी जमा न होने दें। डेंगू मच्छर का लारवा खड़े पानी में पनपता है। साथ ही बच्चों को बताया कि महम के नागरिक अस्पताल में मलेरिया, डेंगू ओर चिकनगुनिया की निशुल्क जांच की जाती है। विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें खुशी ने पहला, अंशुल ने दूसरा और चेतना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल निदेशक डॉ. प्रदीप भारद्वाज, स्वास्थ्यकर्मी कुलदीप, प्रशिक्षु साहिल, अंकित, मंदीप, संदीप व आदित्य मौजूद थे।



**महम।** सही राम स्कूल में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी, शिक्षक और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## पानी दिलाने के लिए राज्यपाल से मिलेंगे: अजय चौटाला

**रोहतक।** जेजेपी अध्यक्ष डॉ अजय चौटाला ने कहा कि पंजाब से हरियाणा को भाखड़ा और एसवाईएल नहर का पानी दिलाने की मांग को लेकर पार्टी जल्द ही हरियाणा और पंजाब के राज्यपालों से मुलाकात करेगी। अब जेजेपी के सभी पोस्टरों में पूर्व सीएम स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला की तस्वीर भी लगाई जाएगी। वे शुक्रवार को नया बस अड्डा के पास स्थित पार्टी कार्यालय में पहुंचे थे। अजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज हरियाणा पेयजल संकट की भारी समस्या का सामना कर रहा है लेकिन हरियाणा सरकार और केंद्र द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, और इसी वजह से अब तक एसवाईएल व भाखड़ा के पानी पर हमारे हक में फैसला आने के बावजूद भी हरियाणा को उसका हक नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा की अध्यक्षता में जेजेपी की 11 सदस्यीय कमेटी जल्द ही राज्यपाल, जल शक्ति, बिजली मंत्री से मुलाकात करेगी और ज्ञापन सौंपेगी जल्द ठोस कदम उठाने की मांग करेगी।

### पार्टी पदाधिकारियों की मीटिंग ली



**रोहतक।** प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ करते जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला।

इससे पहले जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने रोहतक में बस स्टैंड के नजदीक जेजेपी के प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ किया। हर महीने 5 और 20 तारीख को रोहतक कार्यालय में पार्टी द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जेजेपी ने पार्टी के युवा नेता रविंद्र सांगवान को रोहतक स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय का सचिव तथा प्रो. रणधीर चीका को प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त किया। इस दौरान अनेक युवाओं ने कांग्रेस छोड़कर जेजेपी ज्वाइन की। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, वरिष्ठ नेता डॉ केसी बांगड़, राजेंद्र लितानी, जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला, यूपी जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष चौ. महेंद्र सिंह, पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा, जिला प्रभारी हरज्ञान मौखरा एवं जिलाध्यक्ष डॉ संदीप हुड्डा आदि मौजूद रहे।

### सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनसीसी कैडेट्स का चयन

**रोहतक।** सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनसीसी कैडेट्स भर्ती फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन रोहतक के कमान अधिकारी कर्नल कृष्ण कुमार बुधवार और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनवीर सिंह धनखड़ के निर्देशन में हुई। यह चयन एनसीसी ऑफिसर नायब सूबेदार विकास मलिक, हवलदार ओंकार सिंह, हवलदार भूपेन्द्र मलिक की देखरेख में हुआ। प्राचार्य डॉ. आरके सैनी ने कैडेट को एनसीसी में चयन होने पर शुभकमनाएं दी। सूबेदार विकास मलिक ने बताया कि एनसीसी में 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 25 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस मौके पर एनसीसी इंचार्ज प्रियंका, पूजा सैनी, ज्योति आदि उपस्थित रहे।



### सीवरेज में गिरने से 3 लोगों की दुखद मौत हुड्डा ने की परिवार के लिए मांगा मुआवजा



**रोहतक।** पीड़ित परिवार से मुलाकात करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा गांव गढ़ी माजरा में पहुंचे। यहां उन्होंने उस पीड़ित परिवार से मुलाकात की, जिसके तीन सदस्यों की मौत सीवरेज में गिरने से हुई। एक के बाद एक पिता और उनके दो बेटे सीवरेज में गिर गए और उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हुड्डा ने पीड़ित परिवार से मिलकर उसे ढांढ़स बंधाया। साथ ही डीसी और संबंधित विभाग के अधिकारियों से भी बातचीत की। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखने की भी बात कही। हुड्डा ने कहा कि वो सरकार से पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग करेंगे। इस मौके पर हुड्डा के साथ विधायक भारत भूषण बतरा, पार्षद परीक्षित देशवाल, पूर्व अध्यक्ष चक्रवर्ती शर्मा और राज बहादुर शर्मा मौजूद थे।

एडमिशन | 12वीं के बाद जेनेटिक्स में सुनहरे करियर की संभावनाएं

# एमडीयू का जेनेटिक्स विभाग बना युवाओं की पहली पसंद

**रोहतक।** अगर आप 12वीं के बाद विज्ञान (बायोलॉजी) संकाय से हैं और चिकित्सा, बायोटेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, फोरेंसिक या रिसर्च के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं तो बीएससी जेनेटिक्स आपके लिए एक सुनहरा विकल्प बन सकता है। मदवि के जीव विज्ञान संकाय के अधीन वर्ष 2009 में स्थापित जेनेटिक्स विभाग इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। यह विभाग अपने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और अग्रणी अनुसंधान कार्यों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। विभाग के अध्यापकों के शोध कार्य प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित होते रहे हैं।



विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष तिवारी

### प्रमुख पाठ्यक्रम

**स्नातक पाठ्यक्रम- 4 वर्षीय बीएससी जेनेटिक्स**
परास्नातक पाठ्यक्रम- एमएससी जेनेटिक्स
**डॉक्टोरल प्रोग्राम- पीएचडी जेनेटिक्स**
कौशल आधारित पाठ्यक्रम- पीजी डिप्लोमा इन जेनेटिक काउंसलिंग
**वैल्यू-एडेड कोर्स- नेचुरल प्रोडक्ट्स फॉर ह्यूमन हेल्थ**

### पात्रता

बीएससी जेनेटिक्स में प्रवेश के लिए 12वीं (बायोलॉजी, फिजिक्स और केमिस्ट्री विषयों के साथ) में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक (हरियाणा राज्य के अनुसूचित जाति/जनजाति/नेत्रहीन/दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु 57 प्रतिशत) अनिवार्य हैं।

### प्रारंभिक वेतन 2.5 से 5 लाख प्रति वर्ष तक

बीएससी जेनेटिक्स के बाद छात्र बायो-टेक्नीशियन, फोरेंसिक साइंटिस्ट, जेनेटिसिस्ट जैसी भूमिकाओं में कार्य कर सकते हैं। बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर रिसर्च, फार्मा कंपनियों, और डायग्नोस्टिक लैब्स में नौकरी के भरपूर अवसर हैं। प्रारंभिक वेतनमान 2.5 से 5 लाख प्रति वर्ष तक हो सकता है।विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष तिवारी ने बताया कि जो विद्यार्थी जीवन विज्ञान के प्रति जिज्ञासु हैं और जिनमें इस क्षेत्र के लिए जुनून है, उनके लिए जेनेटिक्स एक शानदार करियर विकल्प साबित हो सकता है। हरियाणा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय भी यह पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। इच्छुक छात्र समय रहते आवेदन करें और जीवन विज्ञान के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें।

### जेनेटिक्स क्यों पढ़ें

▶▶| चिकित्सा वंशानुगति, क्लोनिंग तकनीकों और आणविक जेनेटिक्स में दक्षता प्राप्त होती है।
▶▶| एमएससी और पीएचडी जैसे उच्च अध्ययन की दिशा में पहला कदम होता है। ▶▶| बायोटेक्नोलॉजी, क्लासिकल जेनेटिक्स, डायग्नोस्टिक साइंस एवं फॉरेंसिक साइंस जैसी क्षेत्रों में नौकरियों के अवसर उपलब्ध हैं।
▶▶| चिकित्सा परामर्श और पारिवारिक इतिहास के विश्लेषण की समझ विकसित होती है।

## खबर संक्षेप



### वृद्ध आश्रम में लगाया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

**रोहतक।** इनर व्हील क्लब रोहतक ब्लूमिंगडेल द्वारा जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम एवं महिला आश्रम भिवानी रोड में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने 155 बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाओं की नेत्र जांच उपरांत निशुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए। आठ पुरुष एवं चार महिलाओं को सफेद मोतिया से पीड़ित पाया गया एवं एक महिला को आंख के पीछे रसोली से पीड़ित पाया गया। सभी को मेडिकल कॉलेज में आगामी उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया। जहां इनका निशुल्क कॉरपोरेशन क्लब द्वारा करवाया जाएगा।

### शिविर में 32 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्र देवो भवः मिशन के संस्थापक संत बाबा सुखा शाह ने बताया कि शिविर में 32 लोगों ने रक्तदान किया। महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंदर भारती एवं संत बाबा सुखा शाह ने रक्तदाताओं को बैच तथा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. रवि रंगा, गुनीत ढींगड़ा, पंकज कपूर, राजेश, डॉ. लतेश, डॉ. तिलक, देवराज हुड्डा, राजेंदर मनचंदा आदि मौजूद रहे।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी पर कार्यशाला आयोजित

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में आईक्यूएसी सैल के अंतर्गत आधुनिक शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी) का उपयोग विषय पर ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ संजय गुप्ता और राजीव फोगाट ने किया। वर्कशॉप के प्रथम सत्र में वक्ता एमडीयू के सीनियर प्रोफेसर नसीब सिंह गिल रहे। उन्होंने आधुनिक काल में प्रयोग होने वाली नवीनतम एआई तकनीक का वर्णन किया, साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों को इन तकनीकों का सदुपयोग

### तहसील में एक सप्ताह से नहीं मिल रहे स्टांप

**महम।** महम तहसील में पिछले एक सप्ताह से स्टांप पेपर नहीं मिल रहे जिस वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महम बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान रोहतास राठी ने बताया कि दस रुपए और बीस रुपए के स्टांप की लोगों को अधिक जरूरत पड़ती है। लेकिन दस रुपए और बीस रुपए के स्टांप पेपर नहीं मिल रहे। रूटीन में लोगों को शपथ पत्र व अन्य करार आदि कार्यों में स्टांप की जरूरत बनी ही रहती है। लेकिन दस और बीस के स्टांप तहसील में स्टांप वेंडर के पास उपलब्ध नहीं हैं। वकीलों के काम काज भी प्रभावित हो रहे हैं।

### सभी को अच्छे से विद्या ग्रहण करनी चाहिए

**रोहतक।** माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के नए भवन में अनुपम मुनि आए। उन्होंने प्रवचनों के माध्यम से सभी का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अच्छे से विद्या ग्रहण करनी चाहिए तथा समय-समय पर ग्रहण की गई विद्या को दोहराना चाहिए।

## स्वास्थ्य विभाग की बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने दिए निर्देश

# अधिकारी वैक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझकर करें काम

**एडीज मच्छर के काटने से फैलता है डेंगू व चिकनगुनिया** | **साफ पानी में पनपता है व दिन में काटता है**

जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी तालाबों में गंबुजिया मछली छोड़ी जाएं और सप्ताह में कार्यालयों और घरों में एक दिन ड्राई डे मनाएं




**रोहतक।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित बैठक में एडीसी नरेंद्र कुमार व सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि वेक्टर-जनित बीमारियों से बचाव के लिए सभी संबंधित विभाग अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी मानकर गंभीरता से कार्य करें। जिले में रक्त की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित की जाए। विकास एवं पंचायत तथा शहरी स्थानीय निकाय द्वारा सभी फॉगिंग मशीन को दुरुस्त रखा जाए। डेंगू व चिकनगुनिया एक वायरल बीमारी है, जो एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। मच्छर दिन में काटता है तथा रुके हुए साफ पानी में ही पनपता है। वेक्टर-जनित बीमारियों से बचाव के लिए आसपास पानी न खड़ा होने दें। सप्ताह में एक दिन कार्यालयों व घरों में ड्राई डे मनाएं। नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित बैठक में वैक्टर-जनित बीमारियों डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया से बचाव के प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे संबंधित विभागों को उनकी जिम्मेदारियों से संबंधित पत्र भिजवाएं तथा निर्धारित अवधि में कार्रवाई रिपोर्ट भी प्राप्त करें। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग इन बीमारियों से बचाव के लिए अपना पूर्ण सहयोग दें। विभाग नोडल अधिकारी भी नियुक्त करें। उन्होंने कहा कि जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी तालाबों में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गंबुजिया मछली छोड़े तथा इस कार्य में सरपंचों की जिम्मेवारी भी तय की जाए। बैठक में आईएमए की प्रधान डॉ. आरती साहू, उप जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी, उप सिविल सर्जन डॉ सत्यवान, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशीला, डॉ. शिवानी मान, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. जीडी शर्मा, डॉ. नीना, डॉ. कुशम दहिया, एएमओ डॉ. कपिल गुप्ता व जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज सहित, स्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए सभी विभाग करें सहयोग : डॉ. रमेश चंद्रसिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र ने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए सभी विभाग पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने कार्यालयों में प्रत्येक सप्ताह कूलर, फ्रिज की ट्रे को खाली करवाए ताकि इनमें मच्छर का लार्वा पैदा न हो। इस बारे में अधिक जानकारी, सुझाव, शिकायत, बचाव व सुविधाओं का लाभ लेने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी या जिला अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

#### निजी लैब में 600 रुपये से ज्यादा न वसूले

डॉ रमेश चंद्र ने बताया कि डेंगू व चिकनगुनिया की जांच सभी जिला अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी निजी अस्पताल व लैब अपने क्लीनिक पर एन एस 1 /मैक्क लाईजा डेंगू टैस्ट के लिए निर्धारित 600 रुपए से ज्यादा वसूल न करें। मलेरिया बुखार आने पर उसकी ब्लड स्लाइड बनाकर विभाग की मलेरिया शाखा को भिजवाए।

#### इन उपाय को आजमाएं

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए नागरिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुझाये गए उपायों को अपनाये। इन उपायों के अंतर्गत पानी के बर्तन, टंकी, घड़ों आदि को ढक कर रखें, सप्ताह में एक दिन कूलर, फूलदान, फ्रिज की ट्रे, पशु-पक्षियों के बर्तन व ड्रमों को खाली करके फिर पानी डाले। सप्ताह में शुक्रवार को एक दिन ड्राई डे मनाएं। शरीर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े पहने, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, ठहरे पानी में मिट्टी का तेल या लार्वा नाशक दवाई डाले तथा बुखार होने की स्थिति में पेरासिटामोल की गोली लें व डॉक्टर से संपर्क करें।

#### सरकार देगी प्लेटलेट का खर्च

उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा प्रदेश के किसी व्यक्ति को डेंगू से पीड़ित होने पर प्लेटलेट चढ़ानी पड़ती है तो उसका खर्च स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे सभी स्कूलों की खिड़कियों में जाली लगवाएं तथा बच्चों को इन बीमारियों की रोकथाम बारे जागरूक करें। बच्चों को शरीर को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहनने, घर में कबाड़ जमा न होने देने तथा कचरा एकत्रित न होने देने बारे जागरूक करें।



### गढ़ी माजरा के पीड़ित परिवार को मुआवजा दे सरकार

**रोहतक।** गढी माजरा में सीवरेज की कुव्यवस्था का शिकार बने सुबेदार महावीर सिह और उनके दो बेटे लक्ष्मण , दीपक के परिजनो के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए जनसंगठनों ने पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग की। जन संगठनों के प्रतिनिधिमंडल में मजदूर संगठन सीटू के कामरेड सतवीर सिंह, किसान सभा के नेता कामरेड इंद्रजीत सिंह, प्रीत सिंह, जनवादी महिला समिति की उपाध्यक्ष जगमति सांगवान, दलित अधिकार मंच के नेता बिजेंद्र बलियाना तथा रिटायर्ड कर्मचारी नेता भीम सिंह दलाल शामिल रहे। सभी संगठनों ने शोक व्यक्त करते हुए इस घटना पर प्रशासन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि बड़े ही खेद की बात है कि जन स्वास्थ्य विभाग ने एक बार भी सीवर की कोई सफाई नहीं करवाई। जिसके चलते सिविल ओवरफ्लो, जाम रहते हैं। इसी कारण ही सीवर में जहरीली गैस से परिवार के तीन सदस्य मौत का शिकार हुए। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की।



### बॉक्सर अमित पंघाल के गांव के स्टेडियम की हालत खस्ता खिलाड़ियों को परेशानी, नहीं मिल रही सुविधाएं

**रोहतक।** ओलम्पियन बॉक्सर अमित पंघाल के गांव मायना के स्टेडियम की हालत बहद खस्ता है। यहां खिलाड़ियों को कोई सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। पूरा स्टेडियम उबड़ खाबड़ हो चुका है। हर तरफ गंदगी का महौल है। ऐसे में खिलाड़ी यहां अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। खिलाड़ी विनय, दीपक, गौरव, हिमांशु और ग्रमीण नवीन फौजी, बुनडर पहलवान, डीजल पहलवान और धीरज फौजी का कहना है कि इस मामले को लेकर वे सरपंच, पंच और जिला प्रशासन तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। स्टेडियम की चार दीवारी गिरी हुई है। यहां न पोल पर रस्से हैं और न ही खेलने के दूसरे उपकरण। स्टेडियम के अंदर से ट्रैक्टर, गाड़ी और अन्य वाहन गुजरते हैं, लेकिन ग्राम पंचायत का इस और कोई ध्यान नहीं है। खिलाड़ियों की मांग है कि ग्राम पंचायत इस और ध्यान दे, ताकि उन्हें राहत मिल सके और वे स्टेडियम में अभ्यास कर सकें।

## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में मनाया ग्रीन-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में ग्रीन डे मनाया गया, जिसमें नर्सरी व केजी के नन्हे मुन्नों ने शिरकत की। ग्रीन डे के मौके पर उनकी कक्षाओं को ग्रीन रंग से सजाया गया। विद्यालय के नन्हें छात्र, विद्यालय प्रधानाचार्या, उपप्रधानाचार्या और अध्यापक ग्रीन परिधानों में विद्यालय पहुंचे। इस मौके पर बच्चों के लिए मज़ेदार गतिविधियां करवाई गईं। बच्चे ग्रीन रंग के फल व सब्जियां लेकर स्कूल पहुंचे। बच्चों को ग्रीन रंग की पहचान अलग -अलग चीज़ें पत्ता, घास, भिंडी, बॉल, मेंढक, मटर, हरा सेब, कैटरपिलर, अंगूर, तरबूज़, मौसमी, खीरा आदि दिखाकर करवाई गई। बच्चों ने फलों में रंग भरे व ग्रीन रंग की वर्कशीट हल की। बच्चों को बगीचे की हरियाली में ले जाकर प्राकृतिक सुंदरता का महत्व बताया कि हरा रंग व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा देने वाला होता है।



रोहतक। कार्यक्रम में बच्चों के साथ प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक व अन्य टीचर।

#### प्रकृति का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता

विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ग्रीन डे जैसे आयोजन बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत करते हैं। हम अपने विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या मशेंका, सीमा दुआ, कनिका चावला, साक्षी आहूजा आदि उपस्थित रहे।

### मेधावी विद्यार्थियों को दी छात्रवृति

रोहतक। सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में मेधावी विद्यार्थियों को श्री एलडी लाल छात्रवृति प्रदान की गई। पूर्व राज्य सभा सांसद व कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान शादी लाल बत्तरा, महासचिव महेन्द्र खुराना व प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने इतिहास विषय में टॉप करने वाली छात्रा प्रीति व सुष्मिता को यह छात्रवृति प्रदान की। शादी लाल बत्तरा ने विद्यार्थियों की सराहना की व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. दुआ ने छात्राओं को इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया व बताया कि यह छात्रवृति इतिहास विषय में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को प्रति वर्ष दी जाती है। डॉ. रितूलाल, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. ममता रानी, डॉ. पूनम, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## एमडीयू ने इन्नोवेटिव फूड ट्रक डिजाइन के लिए एक और पेटेंट हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने एक अद्वितीय फूड ट्रक डिजाइन के लिए पेटेंट हासिल करके अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। प्रो. आशीष दहिया, साहिल सरन और मंदीप फौगाट द्वारा विकसित बौद्धिक संपदा को भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के तहत पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क के महानियंत्रक द्वारा आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर लिया गया है। पेटेंट किया गया डिजाइन एमडीयू में सेंटर फॉर इनोवेशन, इनक्यूबेशन और एंटरप्रेन्योरशिप (सीआईआईई) के तत्वाधान में इनक्यूबेट किए गए छात्रों द्वारा संचालित फूड ट्रक डफेटेरिया नामक अभिनव परियोजना का हिस्सा है। यह पहल स्टार्टअप हरियाणा के व्यापक दृष्टिकोण और विश्वविद्यालय की इनोवेशन, इनक्यूबेशन और उद्यमिता नीति के अनुरूप है। यह परियोजना व्यावहारिक शिक्षा को उत्पाद विकास, प्रोटोटाइप परीक्षण और बौद्धिक संपदा के निर्माण के साथ एकीकृत करती है, जिससे परिसर में एक व्यावहारिक उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा मिलता है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने प्रो. आशीष दहिया और युवा पेटेंट सुरक्षितकर्ता साहिल सरन और मंदीप फौगाट सहित नवोन्मेषकों को हार्दिक बधाई दी, साथ ही सीआईआईई के माध्यम से उनके मार्गदर्शन के लिए प्रो. राहुल ऋषि को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पेटेंट एमडीयू और उसके बाहर अनगिनत नवोदित उद्यमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।



मंदीप फौगाट व साहिल सरन।




### ग्लोबल एक्सेसिबिलिटी अवेयरनेस डे पर कार्यक्रम

**रोहतक।** सिरतार संस्थान में ग्लोबल एक्सेसिबिलिटी अवेयरनेस डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम कमिटिंग टू चेंज रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष आवश्कता वाले व्यक्तियों के लिए डिजिटल, भौतिक एवं सामाजिक पहुंच सुनिश्चित करने के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा। राजवीर व कृष्ण लाल असिस्टेंट प्रोफेसर ने समावेशन एवं पहुंच योग्य परिवेश की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। फैकल्टी सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को डिजिटल एक्सेसिबिलिटी, सहायक तकनीकों, शैक्षणिक समावेशन एवं नीतिगत उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर बीएड एसई (आईडी) द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने ऐसी तकनीकों का डेमो दिया, जिनमें दिव्यांगजनों की शिक्षा व जीवन को सुगम बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में समावेशन, समान अवसर व सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी संवाद हुआ। डॉ मुकेश कुमार ने कहा कि एक सशक्त समाज की बुनियाद तभी मजबूत होगी जब हर वर्ग तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। यहां। डॉ रविन्द्र कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर शलैश कुमार, जसप्रीत कौर, असिस्टेंट प्रोफेसर विश्वनजीत सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हर्ष मल्होत्रा मेमोरियल हॉल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में रिटायर्ड डिप्टी कमिश्नर कस्टम बंसी लाल मल्होत्रा द्वारा अपने स्वर्गीय पुत्र हर्ष मल्होत्रा की स्मृति में निर्मित हर्ष मल्होत्रा मेमोरियल हॉल के उद्घाटन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा जतिंद्र पाल सिंह सोढ़ी, शिवशंकर पाहवा ( राष्ट्रीय अध्यक्ष, बाबा बंदा बहादुर संप्रदाय) बंसी लाल मल्होत्रा, राजेश मक्कड़, (अध्यक्ष बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल) प्रीतम भयाना सेक्रेटरी ( बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल) दर्शन लाल धींगड़ा, भूषण परूथी, अनिल मलिक डिविजनल चाइल्ड आफिसर ने किया गया। अनिल मलिक ने विद्यार्थियों एवं अध्यापकों का मार्गदर्शन किया। शिवशंकर पाहवा ( राष्ट्रीय अध्यक्ष, बाबा बंदा बहादुर संप्रदाय) ने विद्यार्थियों को अपने जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ने, अपने माता-पिता व गुरूजनो का सम्मान करने की प्रेरणा दी। बाबा जतिंद्र पाल सिंह सोढी ने विद्यार्थियों को अपने माता- पिता से तर्क-वितर्क न करके उनके अनुभवों से लाभ उठाने की प्रेरणा दी। राजेश मक्कड़ (अध्यक्ष) ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय डायरेक्टर/प्राचार्य डॉ. निर्मल पोपली, विद्यालय उप प्रधानाचार्य सोनिया सहित अन्य मौजूद रहे।





रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ सोनिया।

## सेमिनार में खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट के बारे में छात्रों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय आईटीआई (महिला) में खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट बारे जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि डॉक्टर सोनिया आहार विशेषज्ञ नागरिक अस्पताल रोहतक तथा डॉक्टर प्रवेश रहे। डॉक्टर सोनिया ने खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की गई। डॉक्टर प्रवेश ने आहार के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी देते हुए मिलावटपन से होने वाली बीमारियों तथा उसकी रोकथाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की, साथ ही छात्राओं को अवगत करवाया कि मिलावट संबंधित शिकायतों को दर्ज कराने के लिए सरकार द्वारा हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराया गया है। मंच संचालन विधि ने किया। प्रधानाचार्य राजपाल सिंधु द्वारा मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजपाल सिंधु, संस्थान की उप अधीक्षक सुलेखा देवी, स्टोर कीपर ईश्वर सिंह, अनुदेशक सोनिया, आशु, रेखा, मुकेश, इंद्रावती, नीलम, कमलेश आदि रहे।

## पार्षद अंजू सैनी और दीपक सैनी रेडक्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य बने

# सोसायटी से आमजन के साथ जुड़ रहे जनसेवक व लोकसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के कार्य कलापों से अब आमजन के साथ-साथ जन सेवक और लोक सेवक भी जुड़ रहे हैं। इसी श्रृंखला में उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह की उपस्थिति में रोहतक शहर के वार्ड नंबर 7 की नगर पार्षद अंजू सैनी और दीपक सैनी भी रेडक्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य बने। डीसी ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में यदि हम सामाजिक क्षेत्र में उतरकर मानव कल्याण के लिए कुछ काम करते हैं तो यह आमजन के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण के रूप में लिया जाता है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी की गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए हमें रेडक्रॉस सोसाइटी का आजीवन सदस्य बनना चाहिए, जिससे कि आजीवन सदस्य के रूप में विभिन्न स्थानों पर गांव व शहर में वार्ड में यदि कोई दिव्यांग है जरूर मंद है उसे किसी प्रकार के उपकरण की आवश्यकता है तो उसकी सूची आजीवन सदस्यों के माध्यम से बनवाकर रेडक्रॉस समिति को दी जा सकती है, जिससे कि आने वाले समय में उन्हें उपकरण दिए जा सके।

उन्होंने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के साथ जोड़े गए दो हजार से अधिक युवा आजीवन सदस्यों को सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के सैकड़ो यूथ ट्रेड प्लस के वालंटियर को भी जोड़ा गया है और उन्हें भी यह ट्रेनिंग दिलवाई जा रही है, जिससे कि जिला के प्रत्येक गांव में सेवा प्रोजेक्ट शुरू किया जा सके और किसी भी आपदा के समय इन युवाओं का सहयोग लिया जा सके। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर, पूर्व सचिव आर पी सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।




**रोहतक।** वार्ड नंबर 7 की नगर पार्षद अंजू सैनी और दीपक सैनी को रेडक्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्यों के साथ उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह,रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर व पूर्व सचिव आर पी सैनी। फोटो : हरिभूमि

#### उपायुक्त ने रेडक्रास के कार्यों को सराहा

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस समिति रोहतक द्वारा चलाए जा रहे कुष्ठ आश्रम, रक्तदान सेवाएं, दिव्यांगजन के लिए उपकरण वितरण, टीबी से प्रभावित मरीजों के लिए सेवा, फस्ट एड होम नर्सिंग की ट्रेनिंग, दिव्यांगजन के लिए जागरूकता कार्यक्रम, टी आई प्रोजेक्ट के माध्यम से ट्रक ड्राइवर के जीवन की सुरक्षा सहित अनेक ऐसी गतिविधियां चलाई जा रही हैं, जिसके साथ लाइफ मेंबर जुड़ सकते हैं और इन सेवाओं को आगे बढ़ा सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि रेडक्रॉस हर गांव से युवाओं को रेडक्रॉस के साथ जोडक़र उन्हें हॉस्पिटल वेलफेयर सेक्शन का आजीवन सदस्य भी बना रहा है और उन्हें सी पी आर फस्ट एड ट्रेनिंग डिजास्टर की ट्रेनिंग भी दे रहा है।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599


PATHANIA PUBLIC SCHOOL
(A Co-educational Sr. Sec. School, Affiliated to C.B.S.E., Delhi)
Estd. 1985
Congratulates Students, Parents & Teachers
CBSE CLASS-X RESULT (2024-25)
90% AND ABOVE 68
DISTINCTIONS 167
SCHOOL TOPPER 98.8% CHITRAKSHI KALRA
98.6% MANNAT
98.4% KHUSHI CHHABRA
98.0% GAURI JALE
97.8% CHARU
97.8% NIKUNJ
97.6% MANNAT LATHER
97.0% JANISHA
97.0% ISHIKA
96.4% PRANIKA PAPNEJA
96.4% YUVRAJ VASHISHT
96.4% MUKTA HANS
96.2% NAINA
96.0% KESHAV LAMBA
96.0% KANGNA KANDHAL
95.8% PARIKA
95.6% DAMYA DHINGRA
95.4% AVANI SINGH
95.2% PRANJAL
95.2% INDU TAYAL
95.2% MADHAV VIRMANI
95.2% SANSKRITI DAHIYA
95.0% PARTH
95.0% LAKSHIKA
94.8% DIPESH
94.8% YASHU
94.4% AASTIKTA CHAMAR
94.2% SANYAM MUNJAL
94.2% SIDDHANT KUNDU
93.8% JATIN DHANDA
93.6% PRIYANKA MALIK
93.6% PARTYAKSHA
93.6% ADITYA DHAKA
93.6% NIDANT
93.6% SIYA MALIK
93.4% LAVISHA
93.2% SARIKA
93.0% PIYUSH JAKHAR
92.8% ARADHNA
92.6% RAVNEET SINGH
92.6% HARSH DALAL
92.6% VANDITA
92.6% HEMANYA
92.4% DEETI SHARMA
92.2% DHRUV SAINI
92.0% SRISHTI
92.0% MANIK SHUKLA
Subject-Wise Highest Marks
GRADE - X (CBSE 2024-25)
100 SCIENCE
100 MATHS
98 ENGLISH
98 HINDI
99 SOCIAL SCIENCE
100 INFORMATION TECHNOLOGY
91.8% AARAV AHLAWAT
91.8% MISHTHI SEHGAL
91.6% KULL SHRESTH AHLAWAT
91.6% DIYA RATHEE
91.2% HARSHITA
90.8% KARTIK KAUSHIK
90.8% YASH KUKREJA
90.8% KUNAL SEHRAWAT
90.6% AVILESH SACHDEVA
90.6% GARVIT SINGH
90.6% SURAJ
90.6% TANUSHQ HOODA
90.6% KELSY
90.4% ADITYA VERMA
90.4% LAVANYA
90.2% KRITIKA SAINI
90.2% MOKSH
90.2% RIYA
90.2% BHARAT BANGER
90.0% VISHESH DALAL
90.0% JAINEIL GULIA
ADMISSION OPEN - CLASS XI
MEDICAL / NON-MED.
COMMERCE / ARTS
Heartiest Congratulations!
AIMEN AIR FORCE
AMAN INDIAN ARMY
NDA SELECTIONS - 2025
IIT-JEE - 2025
The Legacy Continues
NAMRATA 99.33%TILE
YASH 97.99%TILE
HANIKA 90.32%TILE
CBSE CLASS-XII RESULT (2024-25)
90% AND ABOVE 29 STUDENTS
DISTINCTIONS 99 STUDENTS
Out of 165 Students
SCHOOL TOPPER 97.8% DHANI DHALL
97.4% YASHIKA
97.4% LAKSHITA
97.2% RONAK NARWAL
97.0% JAHANVI
96.6% YASH
96.4% KYNA TOMAR
96.0% KANISHKA
95.6% HANIKA
94.4% CHHAVI CHHABRA
94.0% BHUMI
93.6% MANAV SIWACH
93.2% PRANAY
93.2% SHRUTI
93.0% AYUSH AGGARWAL
92.4% GUNNAR ARORA
93.0% VANSHIKA KHATTAR
92.8% PRIYANSHI VASHIST
92.2% SAGAR
92.0% JASMEET SINGH
91.8% VISHESH
91.6% CHETANYA
Subject-Wise Highest Marks
GRADE - XII (CBSE 2024-25)
100 CHEMISTRY
100 MUSIC
99 ENGLISH
99 B. STUDIES
99 PAINTING
99 ECONOMICS
99 ACCOUNTS
99 MATHS
91.4% MEHAK
91.0% PRATHAM
91.0% RAGHAV
90.6% MADHAV KHATTER
90.2% KHUSHI
90.2% AAKANKSHA
90.2% CHAITANYA ARORA
SUCCESS IS A HABIT OF PATINES
SECTOR-34, SUNCITY, ROHTAK | CONTACT : 9254377414, 9812478999 | Website : ppsrohtak.in